भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2428
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**चंडीगढ़ में पर्यटन कार्यक्रमों के संबंध में व्यय और संपरीक्षा की स्थिति**

**†2428. श्री मनीश तिवारीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पर्यटन विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन को आवंटित कुल बजट का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विभाग द्वारा पर्यटन और संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन और सहायता के संबंध में व्यय की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उन कार्यक्रमों के लिए कलाकारों, अभिनयकर्ताओं, कार्यक्रम आयोजकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को भुगतान की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उपर्युक्त व्यय की कोई संपरीक्षा या स्वतंत्र समीक्षा की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है और निष्कर्षों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

**(**क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय**,** भारत सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन के पर्यटन विभाग को कोई बजट आवंटित नहीं करता है। तथापि, मंत्रालय मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विगत 3 वर्षों के दौरान मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा**,** चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने निम्नानुसार बिंदु-वार उत्तर दिया है:

**i.** विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पर्यटन विभाग को आवंटित कुल बजट निम्नानुसार है:

| **वित्तीय वर्ष** | **रुपये में** |
|---|---|
| 2022-23 | 11,15,64,000 |
| 2023-24 | 9,73,40,000 |
| 2024-25 | 12,37,27,000 |
| **कुल** | **33,26,31,000** |

**ii.** विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में पर्यटन और संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन तथा दी गई सहायता पर खर्च की गई कुल राशि 11,84,82,738/- रुपए है।

**iii.** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में इन कार्यक्रमों के लिए कलाकारों, अभिनयकर्ताओं, कार्यक्रम-आयोजकों और अन्य सेवा-प्रदाताओं को कुल 11,58,00,375/- रुपए का भुगतान किया गया है।

**iv.** भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) के अंतर्गत लेखापरीक्षा महानिदेशक (केंद्रीय) के कार्यालय द्वारा दिनांक 31/03/2023 तक उपरोक्त सभी खर्चों की सम्पूर्ण और नियमित लेखा परीक्षा या स्वतंत्र समीक्षा की गई है। दिनांक 01/04/2018 से 31/03/2023 की अवधि के लिए संचालित अंतिम लेखापरीक्षा के दौरान उपर्युक्त में से किसी भी व्यय के लिए कोई लेखापरीक्षा पैरा नहीं है।

********

**अनुबंध**

श्री मनीश तिवारी द्वारा चंडीगढ़ में पर्यटन कार्यक्रमों के संबंध में व्यय और संपरीक्षा की स्थिति के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2428 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(**लाख रु. में**)

| **वर्ष** | **मेलों और महोत्सवों का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 2022-23 | चंडीगढ़ कार्निवल | 15.00 |
| | रोज़ महोत्सव | 15.00 |
| 2023-24 | कोई प्रस्ताव नहीं | - |
| 2024-25 | कोई प्रस्ताव नहीं | - |
| 2025-26 | विश्व पर्यटन दिवस | 10.00 |
| | चंडीगढ़ कार्निवल महोत्सव | 20.00 |
| | रोज़ महोत्सव | 20.00 |

*******